# भारत-रूस संबंध

## प्रलिम्सि के लयि:

ब्रह्मोस मसिाइल, इन्द्र अभ्यास, कामोव-226, एस-400 ट्रायम्फ।

## मेन्स के लयि:

भारत-रूस संबंधों के बदलते रुझान।

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत और रूस ने अपने राजनयकि संबंधों की 75वीं वर्षगाँठ मनाई।




//

## भारत-रूस संबंधों के वभिनि्न पहलू :

- **ऐतहािसकि पृष्ठभूम:ि**
  - भारत और रूस के संबंध काफी पुराने हैं। अक्तूबर 2000 में **"भारत-रूस सामरकि साझेदारी घोषणा"** पर हस्ताक्षर करने के बाद से, भारत-रूस संबंधों ने राजनीतकि, सुरक्षा, रक्षा, व्यापार और अर्थव्यवस्था, वज्ञािन और प्रौद्योगकिी, तथा संस्कृत सिहति द्वपिक्षीय संबंधों के लगभग सभी क्षेत्रों में सहयोग के बढ़े हुए स्तरों के साथ एक गुणात्मक रूप से नया स्वरूप देखा गया है।
  - **शीत युद्ध** के दौरान, भारत और सोवयित संघ के बीच एक मज़बूत रणनीतकि, सैन्य, आर्थकि और राजनयकि संबंध थे। सोवयित संघ के वघिटन के बाद, रूस को भारत के साथ अपने घनषि्ठ संबंध वरिासत में मलि, जसिके परणािमस्वरूप दोनों देशों ने एक वशिष सामरकि संबंध साझा कयिा।
  - हालाँकि, पछिले कुछ वर्षों में खासकर पोस्ट-कोवडि परदृिश्य में संबंधों में भारी गरिावट आई है। इसका सबसे बड़ा कारण**रूस के चीन और**

पाकिस्तान के साथ घनिष्ठ संबंध हैं, जिन्होंने पिछले कुछ वर्षों में भारत के लिए कई भू-राजनीतिक मुद्दों का कारण बना दिया है।

- **राजनीतिक संबंध:**
  - भारत के प्रधानमंत्री और रूसी संघ के राष्ट्रपति के बीच वार्षिक शिखर सम्मेलन भारत और रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी में सर्वोच्च संस्थागत वार्ता तंत्र है।
  - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने **वर्ष 2018 में रूसी संघ के सोची शहर** में अपना पहला अनौपचारिक शिखर सम्मेलन आयोजित किया।
  - वर्ष 2019 में, राष्ट्रपति पुतिन ने PM नरेंद्र मोदी को रूस के सर्वोच्च सम्मान - "ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल" प्रदान किया। रूस और भारत के बीच एक विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी के विकास और रूसी और भारतीय लोगों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों के विकास में उनके विशिष्ट योगदान के लिये प्रधानमंत्री को यह समान प्रदान किया गया था।
  - **दो अंतर-सरकारी आयोग की वार्षिक बैठक होती** है - पहला व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग **(IRIGC-TEC)** पर, और दूसरा सैन्य-तकनीकी सहयोग **(IRIGC-MTC)** पर।
- **व्यापारिक संबंध:**
  - दोनों देश वर्ष 2025 तक द्विपक्षीय निवेश को 50 अरब अमेरिकी डॉलर और द्विपक्षीय व्यापार को 30 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने का ज़ोर दे रहे हैं।
  - वित्त वर्ष 2020 के दौरान द्विपक्षीय व्यापार 8.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर का था।
  - 2013 से 2016 तक दोनों देशों के बीच व्यापार प्रतिशत में बड़ी गिरावट आई थी। हालाँकि, यह 2017 से बढ़ा और 2018 और 2019 में भी लगातार वृद्धि देखी गई।
- **रक्षा और सुरक्षा संबंध:**
  - भारत-रूस सैन्य-तकनीकी सहयोग एक क्रेता-विक्रेता ढाँचे से विकसित हुआ है जिसमें उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकियों और प्रणालियों के संयुक्त अनुसंधान, विकास और उत्पादन शामिल हैं।
  - दोनों देश नियमित रूप से त्रि-सेवा अभ्यास 'इंद्र' आयोजित करते हैं।
  - भारत और रूस के बीच संयुक्त सैन्य कार्यक्रमों में शामिल हैं:
    - ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल कार्यक्रम
    - 5वीं पीढ़ी का लड़ाकू जेट कार्यक्रम
    - सुखोई एसयू-30एमकेआई कार्यक्रम
    - इल्यूशिन/एचएएल सामरिक परिवहन विमान
    - **KA-226T ट्विन-इंजन यूटिलिटी हेलीकॉप्टर**
    - कुछ युद्धपोत
  - भारत द्वारा रूस से खरीदे/पट्टे पर लिये गए सैन्य हार्डवेयर में शामिल हैं:
    - एस-400 ट्रायम्फ
    - मेक इन इंडिया पहल के तहत भारत में बनेगी 200 कामोव Ka-226
    - **टी-90एस भीष्म**
    - आईएनएस विक्रमादित्य विमान वाहक कार्यक्रम
- रूस अपने पनडुब्बी कार्यक्रमों में भारतीय नौसेना की सहायता करने में भी बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है:
  - भारतीय नौसेना की पहली पनडुब्बी, 'फॉक्सट्रॉट क्लास' रूस से ली गई थी।
  - भारत अपने परमाणु पनडुब्बी कार्यक्रम के लिये रूस पर निर्भर है।
  - भारत द्वारा संचालित एकमात्र विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य भी मूल रूप से रूस का है।
  - भारत द्वारा संचालित चौदह पारंपरिक पनडुब्बियों में से नौ रूसी हैं।

## भारत और रूस के बीच संबंधों के अन्य महत्त्वपूर्ण क्षेत्र:

- **परमाणु संबंध:**
  - परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के क्षेत्र में रूस भारत का महत्त्वपूर्ण भागीदार है। यह भारत को एक मतभेद रहित अप्रसार रिकॉर्ड के साथ उन्नत परमाणु प्रौद्योगिकी वाले देश के रूप में मान्यता देता है।
  - कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र (KKNPP) भारत में बनाया जा रहा है।
  - भारत और रूस दोनों बांग्लादेश में रूपपुर परमाणु ऊर्जा परियोजना को स्थापित कर रहे हैं।
- **अंतरिक्ष अन्वेषण:**
  - दोनों पक्ष बाहरी अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग में सहयोग करते हैं जिसमें उपग्रह प्रक्षेपण, ग्लोनास नेविगेशन प्रणाली (GLONASS navigation system), रिमोट सेंसिंग और बाह्य अंतरिक्ष के अन्य सामाजिक अनुप्रयोग शामिल हैं।
  - 19वें द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के दौरान मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के क्षेत्र में संयुक्त गतिविधियों पर एक समझौता ज्ञापन इसरो और रोस्कोसमोस द्वारा किये गए।
- **विज्ञान और तकनीक:**
  - IRIGC-TEC के तहत कार्य कर रहे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर कार्य समूह, एकीकृत दीर्घकालिक कार्यक्रम (ILTP) और बुनियादी विज्ञान सहयोग कार्यक्रम द्विपक्षीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग हेतु तीन मुख्य संस्थागत तंत्र हैं, जबकि दोनों देशों की विज्ञान अकादमियाँ अंतर-अकादमी आदान-प्रदान हेतु इसे बढ़ावा देती हैं।
  - इस क्षेत्र में कई नई पहलों में भारत-रूस ब्रिज़ टू इनोवेशन, टेलीमेडिसिन में सहयोग, पारंपरिक ज्ञान डिजिटल लाइब्रेरी (TKDL) का निर्माण और विश्वविद्यालयों के रूस इंडिया नेटवर्क (RIN) शामिल हैं।
- **सांस्कृतिक संबंध:**

- प्रमुख वशि्ववद्यालयों और स्कूलों सहति लगभग 20 रूसी संस्थान में नयिमति रूप से लगभग 1500 रूसी छात्रों को हदिी पढ़ाई जाती हैं।
- हदिी के अलावा, रूसी संस्थानों में तमलि, मराठी, गुजराती, बंगाली, उर्दू, संस्कृत और पाली जैसी भाषाओं को पढ़ाया जाता है।
- भारतीय नृत्य, संगीत, योग और आयुर्वेद कुछ अन्य रुचयिों में से हैं जनिका रूस के लोग रूच रिखते हैं।

## भारत के लयि रूस का महत्त्व:

- **चीन को संतुलति करना:** पूर्वी लद्दाख के सीमावर्ती क्षेत्रों में चीनी आक्रमण ने भारत-चीन संबंधों को एक मोड़ पर ला दयाि, इससे यह भी प्रदर्शति हुआ कि रूस चीन के साथ तनाव को कम करने में योगदान दे सकता है।
  - लद्दाख के ववािदति क्षेत्र में गलवान घाटी में घातक झड़पों के बाद रूस ने रूस, भारत और चीन के वदिश मंत्रयिों के बीच एक त्रपिक्षीय बैठक आयोजति की।
- **आर्थकि जुड़ाव के उभरते नए क्षेत्र:** हथयािर, हाइड्रोकार्बन, परमाणु ऊर्जा और हीरे जैसे सहयोग के पारंपरकि क्षेत्रों के अलावा, आर्थकि जुड़ाव के नए क्षेत्रों के उभरने की संभावना है - खनन, कृष-िऔद्योगकि और उच्च प्रौद्योगिकी, जसिमें रोबोटकि्स, नैनोटेक, और बायोटेक।
  - रूस के सुदूर पूर्व और आर्कटकि में भारत के पदचन्हिों का वसि्तार होना तय है। कनेक्टविटिी प्रोजेक्ट्स को भी बढ़ावा मलि सकता है।
- **आतंकवाद का मुकाबला:** भारत और रूस अफगानसि्तान के बीच की खाई को पाटने हेतु कार्य कर रहे हैं और दोनों देशों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय [आतंकवाद पर व्यापक सम्मेलन](#) को जल्द से जल्द अंतमि रूप देने का आह्वान कयाि गया है।
- **बहुपक्षीय मंचों पर समर्थन:** इसके अतरिक्ति रूस संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परषिद (UNSC) और परमाणु आपूर्तकिर्त्ता समूह (NSG) की स्थायी सदस्यता के लयि भारत की उम्मीदवारी का समर्थन करता है।
- **रूस का सैन्य नरि्यात:** रूस भारत के लयि सबसे बड़े हथयािर नरि्यातकों में से एक रहा है। यहाँ तक कि पिछिले पाँच वर्षों (2011-2015) की तुलना में पछिले पाँच साल की अवधि में भारत के हथयिारों के आयात में रूस की हसि्सेदारी 50% से अधकि गरि गई।
  - वैश्वकि हथयिारों के व्यापार पर नज़र रखने वाले स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रसिर्च इंस्टीट्यूट के अनुसार, पछिले 20 वर्षों में भारत ने रूस से 35 बलियिन अमेरकिी डॉलर के हथयिार आयात कयिे हैं।

## आगे की राह

- **समय पर रखरखाव सहायता प्रदान करने के लयि रूस:** भारतीय सेना के साथ सेवा में रूसी हार्डवेयर की बड़ी सूची के लयि पुर्जों की समय पर आपूर्ति और समर्थन भारत की ओर से एक प्रमुख मुद्दा रहा है।
  - इसे संबोधति करने के लयि रूस ने वर्ष 2019 में हस्ताक्षरति एक अंतर-सरकारी समझौते के बाद इसे संबोधति करने के लयि अपनी कंपनयिों को भारत में संयुक्त उद्यम स्थापति करने की अनुमति देते हुए वधिायी परविर्तन कयिे हैं।
  - इस समझौते को समयबद्ध तरीके से लागू करने की ज़रूरत है।
- **एक दूसरे के महत्त्व को स्वीकार करना:** रूस आने वाले दशकों तक भारत के लयि एक प्रमुख रक्षा भागीदार बना रहेगा।
  - दूसरी ओर, रूस और चीन वर्तमान में एक अर्द्ध-गठबंधन में हैं। रूस बार-बार दोहराता है कि वह खुद को कसिी के कनष्ठि साझेदार के रूप में नहीं देखता है। इसलयि रूस चाहता है कि भारत एक संतुलक की तरह काम करे।
- **संयुक्त सैन्य उत्पादन:** दोनों देश इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि वे तीसरे देशों को रूसी मूल के उपकरणों और सेवाओं के नरि्यात के लिए भारत को उत्पादन आधार के रूप में उपयोग करने में कैसे सहयोग कर सकते हैं।

## स्रोत- इंडयिन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-and-russia-relationship